## खबर संक्षेप



### सोना 270 रुपए टूटा चांदी 320 रुपए कमजोर

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 270 रुपये की गिरावट के साथ 59,480 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 59,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 320 रुपये घटकर 71,780 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

### इग्नू के दीक्षांत समारोह में 2. 97 लाख से अधिक शिक्षार्थियों को दी गई उपाधि

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने बाबा साहेब आम्बेडकर कन्वेंशन सेंटर, इग्नू मैदान गढ़ी परिसर में 36वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। इस दौरान डिप्लोमा एवं प्रमाण-पत्रों का वितरण किया। भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस अवसर पर मुख्य अतिथि थी। महामहिम ने इग्नू द्वारा आयोजित 36वें दीक्षांत समारोह को संबोधित भी किया। इस अवसर पर इग्नू के सफल शिक्षार्थियों को संबद्ध कार्यक्रमों में 297917 उपाधि, डिप्लोमा एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा दीक्षांत समारोह में मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दीक्षांत भाषण में कहा कि उच्च शिक्षा तक पहुंच को बढ़ावा देने में इग्नू ने सराहनीय भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मुझे यह जानकर विशेष रूप से खुशी हुई है कि कुल शिक्षार्थियों में से लगभग 50% छात्र ग्रामीण पृष्ठभूमि से हैं और इनमें से 25% महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यह जानकर विशेष रूप से खुशी हुई है कि हजारों कैदी भी इग्नू से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और जेल से छूटने के बाद यही शिक्षा बेहतर जीवन शुरू करने में उनके लिए सहायक होगी।

# यूपीआई भुगतान पर 0.3 प्रतिशत का एक समान शुल्क लगा सकती है सरकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


सरकार यूपीआई भुगतान प्रणाली के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे की फंडिंग और इसकी वित्तीय व्यवहार्यता सुनिश्चित करने के लिए ऐसे लेनदेन सुविधा पर 0.3 फीसदी का एकसमान शुल्क लगाने पर विचार कर सकती है। आईआईटी बॉम्बे के अध्ययन में कहा गया है कि 0.3 फीसदी की सुविधा शुल्क से 2023-24 में 5,000 करोड़ रुपए जुटाए जा सकते हैं। मोबाइल वॉलेट के जरिए होने वाले भुगतान पर विनिमय शुल्क लगाने के भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के फैसले के प्रभावों के विश्लेषण वाले अध्ययन में कहा गया है।

> भुगतान राशि का 1.1 फीसदी का इंटरचार्ज शुल्क काटने का प्रावधान शुरू

## सुविधा शुल्क से जुटाए जा सकते हैं 5000 करोड़ रुपए

### यूपीआई भुगतान पर नहीं है कोई चार्ज

मौजूदा कानून के मुताबिक बैंक या कोई दूसरी यूपीआई सर्विस प्रोवाइडर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर यूपीआई के माध्यम से भुगतान करने या हासिल करने वाले शख्स पर कोई शुल्क नहीं लगा सकता। हालांकि, कई मौकों पर बैंक और प्रणाली प्रदाताओं ने यूपीआई कानून की अपनी सुविधा से व्याख्या करने की कोशिशें की हैं।




### तेजी से बढ़ रहा है यूपीआई का चलन

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा था कि अर्थव्यवस्था बहुत ज्यादा औपचारिक हो गई है। ईपीएफओ की सदस्यता दोगुने से भी ज्यादा बढ़कर 27 करोड़ हो गई है। 2022 में यूपीआई के जरिए 126 लाख करोड़ रुपँ के 7,400 करोड़ डिजिटल भुगतान प्राप्त हुए थे।

### यूपीआई बचाएगा प्रिंटिंग का खर्च

आशीष दास की लिखित रिपोर्ट के मुताबिक सरकार और आरबीआई करेंसी की छपाई और मैनेजमेंट पर मोटी रकम खर्च कर रहे हैं। पिछले कुछ साल में अकेले करेंसी प्रिंटिंग पर औसतन 5,400 करोड़ रुपए और करेंसी मैनेजमेंट पर इससे भी ज्यादा रकम खर्च की गई है। यूपीआई के लिए खर्च बहुत कम लागत में हो सकता है और इसका इस्तेमाल बढ़ने से करेंसी पर खर्च भी घटाया जा सकता है।

### इंटरचार्ज शुल्क का प्रावधान शुरू

*अध्ययन में कहा गया, दुकानदारों को मिलने वाले भुगतान पर कोई शुल्क नहीं लगना चाहिए। चाहे वह यूपीआई से आए या प्रीपेड ई-वॉलेट से। एनपीसीआई ने दुकानदारों को यूपीआई से भुगतान करने पर एक अप्रैल से भुगतान राशि का 1.1 प्रतिशत का इंटरचार्ज शुल्क काटने का प्रावधान शुरू किया है।*

### आईआईटी बंबई ने की सिफारिश

*यूपीआई पर हाल ही में चार्ज लगाने को लेकर यूजर्स के बीच बड़े असमंजस की स्थिति देखने को मिली थी। हालांकि इसके बाद एनपीसीआई ने साफ कर दिया था कि इस 2 हजार रुपए से ज्यादा के भुगतान पर चार्ज लगाने का कोई इरादा नहीं है। लेकिन अगर सरकार आईआईटी बंबई की एक सिफारिश को मान लेती है तो फिर मुमकिन है कि यूपीआई के सभी तरह के भुगतान पर लोगों को एकसमान चार्ज का भुगतान करना पड़े।*

## पीएमआई मार्च माह में बढ़कर 56.4 पर पहुंच गया

# मार्च में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंची

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नए ऑर्डर तथा उत्पादन में विस्तार होने और मांग में जुझारूपन तथा लागत दबाव में कमी आने के बीच देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां मार्च महीने के दौरान तीन महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह कहा गया।

> ■ परिस्थितियों में सबसे मजबूत सुधार दर्शाता है

एसएंडपी ग्लोबल भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मार्च माह में बढ़कर 56.4 पर पहुंच गया। इससे पहले फरवरी में यह 55.3 पर था, जो 2023 में अब तक परिचालन परिस्थितियों में सबसे मजबूत सुधार दर्शाता है।

### परिचालन स्थितियां सुधरी

मार्च के पीएमआई आंकड़े के अनुसार, लगातार 21वें महीने के लिए समग्र परिचालन स्थितियों में सुधार हुआ है। पीएमआई में आंकड़ा 50 से ऊपर रहने का अर्थ है कि कारोबारी गतिविधियों में विस्तार हुआ है, जबकि 50 से नीचे रहने का मतलब इसमें गिरावट हुई है।

### उत्पादन में लगातार विस्तार हो रहा

*एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में अर्थशास्त्र की सहायक निदेशक पॉलियाना डी लीमा ने कहा, 'मार्च में भारतीय सामानों की अंतर्निहित मांग मजबूत रही। उत्पादन में लगातार विस्तार हो रहा है और कंपनियों ने अपना भंडार बढ़ाने के प्रयास तेज कर दिए हैं।'*

### कच्ची सामग्री की उपलब्धता बढ़ी

*सर्वे के मुताबिक लागत संबंधी मुद्रास्फीति मार्च में ढाई साल के अपने दूसरे सबसे निचले स्तर पर आ गई और इसकी वजह आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव कम होना तथा कच्ची सामग्री की उपलब्धता बढ़ना है। रिपोर्ट कहती है कि 96 प्रतिशत कंपनियों को फरवरी के बाद से लागत दबाव में कोई परिवर्तन महसूस नहीं हुआ है।*



### बिक्री बढ़ाने शुल्क यथावत रखे गए

लीमा ने कहा, 'पिछले वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में बिक्री के दाम और बढ़े हैं लेकिन मुद्रास्फीति की दर सामान्य है और लगभग फरवरी जितनी ही है। बिक्री बढ़ाने की खातिर शुल्क जस के तस रखे गए हैं।' रोजगार के मोर्चे पर, व्यापार में मामूली वृद्धि होने की वजह से कंपनियों ने नई भर्तियां नहीं की।

### मार्च में रोजगार सृजन प्रभावित हुआ

लीमा ने कहा कि कंपनियों और आपूर्तिकर्ताओं के पास पर्याप्त क्षमता है, काम का दबाव ज्यादा नहीं होने से मार्च में रोजगार सृजन प्रभावित हुआ।

### सही जानकारी नहीं देने के मामले हुए अलग

*नई विदेश व्यापार नीति के तहत घोषित माफी योजना के तहत धोखाधड़ी को लेकर जारी जांच और पूंजीगत वस्तुओं की सही जानकारी नहीं देने के मामलों को अलग रखा जाएगा। सरकार ने 31 मार्च को जारी नई विदेशी व्यापार नीति (एफटीपी) में निर्यातकों को प्रोत्साहन देने के लिए उन निर्यातकों को राहत दी है जो अपनी निर्यात बाध्यताएं पूरी नहीं कर पाए।*

### एकमुश्त निपटाने के लिए आममाफी योजना

*इसमें अग्रिम प्राधिकरण और निर्यात संवर्धन पूंजीगत उत्पाद(ईपीसीजी) योजनाओं के तहत निर्यात बाध्यताओं में चूक को लेकर एकमुश्त निपटान के लिए आम माफी योजना शुरू की गई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक सार्वजनिक नोटिस में कहा, 'जांच के तहत मामले या धोखाधड़ी, सामान या पूंजीगत वस्तुओं को लेकर गलत घोषणा से जुड़े मामलों को योजना के दायरे से बाहर रखा जाएगा।'*

# उद्यमियों को मिले बिजनेस एचीवर्स अवार्ड




**नई दिल्ली।** व्यापार के क्षेत्र में उद्यमियों को उनके विशिष्ट कार्य उपलब्धि के लिए ग्लोबल मैन्युफेक्चरर्स एंड ट्रेडर्स फाउंडेशन ने मीडिया हाउस के सहयोग से इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में ग्लोबल बिजनेस एचीवर्स एवार्ड का आयोजन किया गया जिसमें अपनी सेवा से उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट उद्यमियों को सम्मानित किया गया! समारोह में एनएसआईसी भारत सरकार से डॉक्टर एच पी कुमार, भाजपा नेता सीए राजेश शर्मा, एम एस एम यू से गोपाल कोतवाल वाले, वर्ल्ड हयूमन राइट्स प्रोटक्सन कमीशन्स के अध्यक्ष तपन कुमार राउतारे, पूर्व सहायक निदेशक सीआईएसएफ भारत सरकार से नमिता राकेश, चुनाव आयोग से अतुल्य नीरज एवं अधिवक्ता रोहित पांडे आदि उपस्थित रहे! सम्मानित होने वाले विशिष्ट लोगों में वरिष्ठ उद्यमी रतन संस के प्रोपराइटर सरदार दर्शन सिंह, राज डेवलपर्स के प्रबंध निदेशक राज जैन, वाल्टज फार्मासिटिकल्स प्राईवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संजीव सिंह, ग्लोबल कंसल्टेंट एंड इंजीनियरस के प्रोपराइटर बी एस सिंह, सुभाष इंडस्ट्रीज के प्रोपराइटर रमेश महतो, जे एम इंजीनियरस के प्रोपराइटर मनीष सिंह, एन पी स्टैंम्पिंग के प्रोपराइटर नारद प्रसाद, अवानी प्रिया स्कुरिटी कंपनी प्राईवेट लिमिटेड के निदेशक विजय कुमार श्रीवास्तव आदि सम्मानित हुए ! इस शुभ अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें गायक अनुज सक्सेना, युवा कलाकार तमजीद, आयुषी आदि कलाकारों ने संगीत नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया ! ग्लोबल मैन्युफैक्चरर्स एंड ट्रेडर्स फाउंडेशन के राष्ट्रीय महामंत्री सुशील श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं उन्होंने बताया हमारी संस्था व्यापारियों के हित में कार्य कर रही है एवं आगे भी करती रहेगी।

### उपलब्धि : उत्तर रेलवे ने 65.05 एमटी की ढुलाई हासिल की

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधरी ने बताया कि विभिन्न बाधाओं और चुनौतियों के बावजूद उत्तर रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में माल लदान, यात्री, पार्सल और अन्य कोचिंग आय में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं । उत्तर रेलवे ने भारतीय रेल की सभी क्षेत्रीय रेलों को पीछे छोड़ते हुए यात्री, अन्य कोचिंग और पार्सल आय में पहला स्थान हासिल किया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान यात्री और पार्सल सेगमेंट में उत्तर रेलवे का यह अब तक का ऐतिहासिक और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। वर्ष 2022-23 में 65.05 एमटी की मूल माल ढुलाई हासिल कर 0.43% की वृद्धि के साथ 0.36 एमटी लक्ष्य का आंकड़ा पार किया। 2022-23 में उर्वरक में 9.22% और अन्य वस्तु लोडिंग में 27.9% की प्रभावशाली वृद्धि के साथ उर्वरक में 7.93 एमटी और अन्य वस्तुओं में 7.37 एमटी लदान हासिल किया गया । वित्त वर्ष 2021-2022 में 1022 रेक (1.34 एमटी) की तुलना में वित्त वर्ष 2022-2023 में 1646 (2.20 एमटी) ऑटो रेक लोड किए गए, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 64.04% अधिक है। वर्ष 2021-22 में 36 रेक की तुलना में 2022-23 में फ्लाई ऐश में 358% वृद्धि दर्ज करते हुए 165 रेक (0.67 एमटी) फ्लाई ऐश का लदान किया गया।

## राशिफल

**मेष** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है। भाइयों का सहयोग

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। माता से विचारों में मतभेद हो सकते हैं लेकिन धन प्राप्ती भी है। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे, किसी मित्र के सहयोग से संपत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**सिंह** — मन में निराशा व असंतोष के भाव रहेंगे, आत्म विश्वास में कमी रहेगा। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों में वृद्धि

**कन्या** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**तुला** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**वृश्चिक** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**धनु** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। रहन-सहन असुविधापूर्ण रहेगा।

**मकर** — हन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**कुंभ** — मन में प्रसन्नता के भाव तो रहेंगे, फिर भी आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें, माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**मीन** — घर-परिवार में मांगलिक कार्य होंगे, अनियोजित खर्चे बढ़ेंगे। वस्त्रादि उपहार भी मिल सकते हैं। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 115 अंक चढ़ा

## सेंसेक्स के शेयरों में सबसे अधिक तेजी मारुति सुजुकी में

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स लगभग 115 अंक चढ़ गया। कच्चे तेल के दाम में तेजी के बावजूद मुख्य रूप से वाहन, बैंक और पूंजीगत सामान कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 114.92 अंक के साथ 59,106.44 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में 22 लाभ में जबकि आठ नुकसान में रहे। निफ्टी भी 38.30 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,398.05 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के शेयरों में 32 लाभ में जबकि 18 नुकसान में रहे। सेंसेक्स के जिन शेयरों में तेजी रही, उसमें मारुति सुजुकी में सबसे ज्यादा 2.52 प्रतिशत की तेजी आई। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में 19,66,164 वाहन बेचे हैं। लाभ में रहने वाले अन्य शेयरों में बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक और इंडसइंड बैंक शामिल हैं। हालांकि, दूसरी तरफ इन्फोसिस, आईटीसी, एचयूएल, सन फार्मा, पावरग्रिड और टाटा स्टील में गिरावट रही। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) अजित मिश्रा ने कहा, 'सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच दाम कम होने के साथ शेयरों की लिवाली से सूचकांक बढ़त में रहे।




### तीन सत्रों में सेंसेक्स 1492 अंक हुआ मजबूत

पिछले तीन सत्रों में सेंसेक्स 1,492 अंक यानी 2.51 प्रतिशत, जबकि निफ्टी 446 अंक यानी 2.9 प्रतिशत मजबूत हुआ है। वाहन, पूंजीगत वस्तु और बैंक तथा वित्तीय शेयरों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला। हालांकि आईटी, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों और धातु शेयरों में बिकवाली से लाभ पर अंकुश लगा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# केआरएमयू ने ऑन द जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया

**नई दिल्ली।** स्कूल ऑफ एजुकेशन केआरएमयू ने गुरुशाला प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से अपने एजुकेशनल रिसोर्स बनाने पर ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अभिषेक प्रताप सिंह और लवानी बिस्वास सहित विशेषज्ञों की भागीदारी देखी गई, जिन्होंने खुले शैक्षिक संसाधन बनाने पर अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और अनुभव साझा किए। सत्र की शुरुआत साकेत बिहारी कार्यक्रम समन्वयक एवं सहायक प्रोफेसर स्कूल ऑफ एजुकेशन के स्वागत भाषण से हुई। कई व्यक्तियों और संगठनों के योगदान के लिए यह आयोजन एक शानदार सफलता थी। इस कार्यक्रम का आयोजन गुरुशाला प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से किया गया था, जिसमें प्रतिभागियों को खुले शैक्षिक संसाधन बनाने के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि और कौशल प्राप्त हुए। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को आम के अनुपाणित रूप की खोज के एक नए तरीके से परिचित कराया गया। वक्ताओं ने प्रभावी शैक्षिक संसाधन बनाने में ऑडियो के साथ छवियों का उपयोग करने और हाथ समन्वय के साथ आवाज के सिंक्रनाइजेशन के महत्व पर प्रकाश डाला। संकाय समन्वयक डॉ. मुदासिर और छात्र समन्वयक निर्देशिका पांचाल और तलु ने कार्यक्रमके सुधारू निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किया।

मार्केट न्यूज


# थिएटर कलाकारों और दर्शकों के बीच में एक भावनात्मक रिश्ता बनाता है : राधिका चीमा



**चण्डीगढ़।** गत दिवस चण्डीगढ़ के टैगोर थिएटर में 'वर्ल्ड थिएटर डे' के उपलक्ष्य में एक लाइब्रेरी के उद्धघाटन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर आईकेजे केयर फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमति राधिका चीमा को निमंत्रित किया गया। श्रीमति राधिका चीमा ने समारोह में उपस्थित सभी को 'वर्ल्ड थिएटर डे' की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ''कलाकारों के लिए थिएटर एक मंदिर है। एक थिएटर कलाकारों और दर्शकों के बीच में एक भावनात्मक रिश्ता बनाता है। साथ ही किताबें हमारी सबसे अच्छी दोस्त है वह हमें कभी धोखा नहीं देती। लाइब्रेरी एक ऐसा स्थान है जहां आपको अपने सभी प्रश्नों के उत्तर मिल जाएंगे।

उलेखनीय है कि आईकेजे केयर फाउंडेशन की चेयरपर्सन राधिका चीमा जानी-मानी युवा उद्यमी हैं और आईकेजे केयर नामक एनजीओ की चेयरपर्सन भी हैं। वह सदैव सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेती हैं। इनकी रूचि और कौशल को देख इन्हें स्व छ भारत अभियान (अंबाला) का ब्रांड अंबेस्डर बनाया गया। वे जिला युवा विकास संगठन (महिला ईकाई) की अध्यक्ष भी हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन (आईएचआरओ) के हरियाणा प्रदेश की अध्यक्ष के पद पर भी अपनी सेवाएं दी हैं। जिसके अंतर्गत उन्होंने लड़कियों और महिलाओं के कौशल को भी बढ़ावा दिया है। पर्यावरण सरंक्षण में भी अपना अहम योगदान देते हुए सघन वृक्षारोपण, पौधों का वितरण एवं पॉलीथिन मुक्त अंबाला मुहीम भी चलाई। कोरोना काल के दौरान जरूरतमंदों को मुफ्त भोजन, दवाएं, मास्क और अन्य आवश्यक चीजें वितरित करने के लिए संस्था ने प्रसाशन के सहयोग के साथ-साथ अन्य संस्थाओं को आर्थिक सहयोग किया। राधिका चीमा को महिला सशक्तीकरण के अग्रणी मिसाल के रूप में माना जाता है। बहुत ही प्रतिष्ठित हस्तियों ने इनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना की है। इसके अतिरिक्त इन्हें विभिन्न समारोहों में विशेष तौर पर सम्मानित भी किया जा चुका है।

## शब्द पहेली - 5113



**बाएँ से दाएँ**

1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**

1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

**शब्द पहेली- 5112 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | हा | भा | र | त | | प | र | वा | ना |
| त | न | | स्क | | मा | हि | र | | र | ग |
| न | | त | र | क | श | | ख | र | | वा |
| ब | न्ध | क | | | बी | वी | | न | ज | र |
| द | | दी | | दा | न | | फां | | ल | |
| न | ज | र | बं | द | | न | सी | ब | वा | ला |
| | रु | | दी | | म | न | | च | | प |
| श | री | र | | जं | हा | | | प | गा | र |
| रा | | न | म | | सा | ग | वा | न | | वा |
| फ | ल | | स | ज | ग | | च | | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | | र | द्द | क | र | ना | |

## सूडोकु नवताल- 5118

★★★✯✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
■ *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
■ *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
■ *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकु नवताल- 5117 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |